Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 193 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 24 जनवरी 2025

एवेंजर्स: एंड्गेम निर्देशक के साथ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### फैक्ट्री में विस्फोट, इकाई की छत ढही, एक की मौत, कई लोग मलबे में दबे

मुंबई। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के समय फैक्टरी में 10 कर्मचारी मौजूद थे। उनकी तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से 13 से 14 श्रमिक फंस गए हैं। उन्होंने विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत पर भी शोक व्यक्त किया। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के 'एलटीपी सेक्शन' में हुआ। विस्फोट के समय 'एलटीपी सेक्शन' में 14 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमें से तीन को बचा लिया गया और एक की मौत हो गई।

### दिनभर मौसम का मिला जुला असर



**नैनीताल ।** नगर में शुक्रवार को दिनभर मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला। नगर में सुबह के वक्त हल्की धूप जरुर रही लेकिन जैसे-जैसे दिन बढता गया तो आसमान में कभी हल्के तो कभी घने बादल छाने लगे। मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अमित कुमार सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# माफिया और डकैतों को बड़े पद देती थी सपा, हम उन्हें जहन्नुम भेजते हैं: सीएम योगी

**अयोध्या**

**एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं दूसरी तरफ सपा के लोग दुष्प्रचार कर आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के मिल्कीपुर के हैरिंगटनगंज ब्लॉक में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। सीएम योगी जैसे ही मंच पर पहुंचे जय श्रीराम के नारे लगे। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण का प्रारंभ महाकुंभ का जिक्र कर किया। कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि यह महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है। दो दिन पहले यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट और मैंने खुद महाकुंभ में स्नान का सौभाग्य प्राप्त किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बीते 10 दिन में महाकुंभ में 10 करोड़ लोगों ने बिना किसी भेदभाव के स्नान किया। देश में जातिवाद को परिवारवादियों ने सत्ता बचाये रखने के लिए बढ़ावा दिया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं वहीं, दूसरी तरफ सपा के लोग महाकुंभ के बारे में दुष्प्रचार कर जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इन लोगों ने एक साल पहले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भी विरोध किया था। ये वही सपा के लोग हैं जिन्होंने सरयू के जल को रामभक्तों के खून से लाल कर दिया था। ये परिवारवादी लोग जातिवाद के नाम पर समाज को तोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में परिवारवाद नहीं विकासवाद और राष्ट्रवाद है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मिल्कीपुर में विकास की उपलब्धियों को आगे पहुंचाना है। इसके लिए जरूरी है कि यहां के सपूत चंद्रभानु पासवान को जिताकर भेजें जिससे विकास का लाभ जन-जन को मिले। कुमारगंज का कृषि विश्वविद्यालय आचार्य नरेंद्र देव जी के नाम पर है और एक और विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भी इस इलाके का नाम हैरिंगटनगंज है। यहां का नाम किसी स्वामी रामदेव के नाम पर या फिर विष्णु नगर क्यों नहीं हो सकता है। हम गुलामी की मानसिकता लेकर कब तक आगे बढ़ते रहेंगे। हम तो राम की परंपरा पर विश्वास करने वाले हैं। हम कृष्ण की परंपरा पर विश्वास करने वाले हैं। हम बाबा विश्वनाथ और में सरयू मैया पर विश्वास करने वाले लोग हैं। सपा का वश चलता तो अयोध्या नाम को भी खत्म कर दिया जाता।

10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए समिति की सदस्यता से निलंबित

# वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**



वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संसद परिसर में हुई जेपीसी की बैठक पर कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल चल रहा है। सभापति इस बैठक को आगे बढ़ा रहे हैं और वह किसी की नहीं सुन रहे हैं।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि विपक्ष की सोच और नजरिया उजागर हो गया है। उन्होंने मीरवाइज के सामने हंगामा किया और बदसलूकी की। यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है।

वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आज भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी। बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं।

मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों ने आपस में चर्चा की और इसी दौरान विपक्षी नेताओं के साथ बैठक में हंगामा हो गया। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्द स्वीकार करने पर जोर दे रही है। बैठक के दौरान तीखी बहस के कारण कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। मीरवाइज के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल समिति की बैठक फिर से शुरू होने के बाद उसके सामने पेश हुआ।

# उत्तरकाशी में सुबह-सुबह दो बार महसूस किए गए भूकंप के झटके

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

पहले सुबह करीब 7 बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप के कारण वरुणावत पर्वत के भूस्खलन जोन से मलबा और पत्थर गिरे। इसके बाद दोबारा 8 बजकर 20 मिनट पर फिर झटके महसूस हुए।

उत्तरकाशी और आसपास के कई इलाकों में शुक्रवार को दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दहशत के चलते लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों में भय का माहौल है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सभी तहसीलों से जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि पहले सुबह करीब 7 बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप के कारण वरुणावत पर्वत के भूस्खलन जोन से मलबा और पत्थर गिरे। इसके बाद दोबारा 8 बजकर 20 मिनट पर फिर झटके महसूस हुए। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।



# कल हल्द्वानी शहर में यातायात डायवर्जन और पार्किंग प्लान तैयार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर निकाय चुनाव 2024-2025 के मतगणना के दिन हल्द्वानी शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन ने व्यापक डायवर्जन और पार्किंग प्लान तैयार किया है। यह प्लान 25 जनवरी की सुबह 7 बजे से मतगणना समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों, बसों, और निजी वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए कई नियम लागू किए गए हैं। मतगणना के दौरान भारी वाहनों को शहर क्षेत्र से पूरी तरह बाहर रखा जाएगा। नैनीताल रोड पर तिकोनिया से हाइडिल तिराहे तक इन वाहनों की आवाजाही पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। पर्वतीय और मैदानी इलाकों से आने-जाने वाली बसों के लिए भी विशेष मार्ग निर्धारित किए गए हैं, ताकि यातायात सुचारु रहे। मतगणना स्थल के आसपास के इलाकों को जीरो जोन घोषित किया गया है। एमबी इंटर कॉलेज, महारानी होटल कट, और दुनहरिया तिराहे जैसे क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इन इलाकों में यातायात व्यवस्था को सख्त रखते हुए केवल आवश्यक वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी। एमबी इंटर कॉलेज के मैदान को पार्किंग स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है। यहां पर मतगणना ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, उम्मीदवार, और उनके समर्थकों के वाहनों को पार्क किया जाएगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नैनीताल रोड पर एमबी डिग्री कॉलेज के सामने किसी भी वाहन को खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी।

# गूगल मैप ने भटकाया: साइकिल सवार फ्रांसीसी नागरिक रात में डैम के करीब पहुंचे

**बरेली**

**एजेंसी**



बरेली में गूगल मैप ने फिर लोगों को भटका दिया। इस बार दो फ्रांसीसी नागरिक गलत रास्ते पर पहुंच गए। रात में उनको भटका देख स्थानीय लोगों ने दोनों को पुलिस चौकी पर पहुंचाया। पुलिस ने उन्हें सही रास्ता दिखाया।

दिल्ली से नेपाल के काठमांडु जा रहे साइकिल सवार दो फ्रांसीसी नागरिक रास्ता भटककर बरेली के बहेड़ी में चुरैली डैम के करीब पहुंच गए। रास्ता भटकने पर वो पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिसकर्मियों से मदद मांगी। फ्रांसीसी नागरिकों की भाषा न समझने से पुलिसकर्मी उनकी समस्या नहीं समझ पाए। इस पर एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों से फोन पर उनकी बात करा दी। तब पुलिस ने उन्हें सुरक्षा में सही रास्ते पर पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक फ्रांस के ब्रायन जैक्स गिलबर्ट और सेबेस्टियन फ्रैंकॉइस ग्रेबियल सात जनवरी को फ्लाइट से दिल्ली आए थे। उन्हें साइकिल से नेपाल के काठमांडु जाना था। वो दोनों अगले दिन ही दिल्ली से साइकिल लेकर चल दिए। बताया जा रहा है कि दोनों साइकिल सवार पर्यटक गूगल मैप के सहारे रास्ता देखकर जा रहे थे। फ्रांसीसी नागरिकों को पीलीभीत होकर उत्तराखंड के टनकपुर के रास्ते काठमांडु जाना था, लेकिन वह रास्ता भटककर बहेड़ी के चुरैली डैम की ओर पहुंच गए। वहां बृहस्पतिवार रात 11 बजे करीब भटके तो स्थानीय लोग उन्हें पुलिस चौकी ले आए। फ्रांसीसी नागरिकों की फ्रेंच भाषा पुलिसकर्मी नहीं समझ पाए तब एसएसपी अनुराग आर्य तक जानकारी पहुंची। एसएसपी ने फोन पर उनसे बात की। अंग्रेजी में बात करके समस्या समझी और फिर पुलिस ने उन्हें सही दिशा का नक्शा बनाकर रास्ता समझाया और अपने क्षेत्र से निकलवा दिया। बरेली में गूगल मैप से गलत रास्ते पर जाने के पहले भी मामले सामने आ चुके हैं। बीते साल 24 नवंबर को गूगल मैप के सहारे गुरुग्राम से बरेली जा रहे तीन लोगों की कार अधूरे पुल पर चल गई। पुल खत्म होते ही उनकी कार नीचे जा गिरी, जिससे तीनों की मौत हो गई थी।

# 29 को कर्मचारियों का वेतन को विरोध प्रदर्शन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को विगत अक्टूबर 2024 से मासिक वेतन जारी न होने के विरोध में राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों के कर्मचारी 29 जनवरी (बुधवार) को एक दिन का विरोध प्रदर्शन करेंगे।

उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की विगत दिनों ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत और महामंत्री प्रशांत मेहता ने बताया कि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के प्रशासन के कतिपय नियमविरुद्ध प्रकरणों के लंबित होने के चलते उत्तराखंड शासन द्वारा विश्वविद्यालय को वेतन मद में दिया जा रहा अनुदान रोक दिया गया है। लगभग एक वर्ष से तीन से चार माह रोककर वेतन जारी किया जा रहा है वहीं विगत अक्टूबर 2024 से कर्मचारियों को वेतन जारी नहीं किया गया है जिसके चलते कर्मचारियों के दीपावली सहित बड़े त्यौहार भी फ ीके रहे।

दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय में 100 से अधिक कर्मचारी विश्वविद्यालय प्रशासन की गलतियों और शासन के रोष के बीच पिस रहे हैंए उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की मांग करते हुए उत्तराखंड शासन से पूर्ण मनोयोग से सेवा कर रहे कर्मचारियों का वेतन जारी करने की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया कि इस हेतु कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ शासन से वार्ता की जा चुकी है परंतु वेतन जारी हो पाया है उन्होंने बताया कि इस हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी से वार्ता हेतु समय लेने का भी प्रयास किया जा रहा है। कहा कि संगठन के प्रयासों के बावजूद कर्मचारियों के सम्मुख अपना परिवार चलाने की हों गई समस्या के दृष्टिगत महासंघ अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत के नेतृत्व में प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों ने एक दिन के विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया हैं। इसके तहत 29 जनवरी (बुधवार) को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कर्मचारी काला फ ीता बांधकर अपना-अपना कार्य करते हुए विरोध करेंगे साथ ही विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघों के पदाधिकारी अपने-अपने विश्वविद्यालय के कुलसचिवों को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि कोई भी निर्णय न होने पर आंदोलन के अगले चरण पर निर्णय लिया जाएगा। कार्यकारिणी की बैठक का संचालन महामंत्री प्रशांत मेहता ने किया व बैठक में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से डीएसबी परिसर कर्मचारी संघ के गणेश सिंह बिष्ट, प्रदेश संगठन के पूर्व महामंत्री डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला, उपाध्यक्ष विपिन कुमार, गढ़वाल विश्वविद्यालय से अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी से महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष भारत नैनवाल, संयुक्त मंत्री विमल चौहान, तकनीकी विश्वविद्यालय से संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कुमार, एसएसजे अल्मोड़ा विश्वविद्यालय से महासंघ के कोषाध्यक्ष देवेंद्र पोखरिया, संस्कृत विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के सचिव चंदन रावत, दून विश्वविद्यालय से शुभम नौटियाल, आयुर्वेद विश्वविद्यालय से कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष खीमा नंद भट्ट, सचिव अजय कुमार, भरसार हॉर्टिकल्चर विश्वविद्यालय से संगठन के उपाध्यक्ष धन सिंह नेगी सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल हुए। महासंघ के पदाधिकारियों के मुताबिक इधर सभी विश्वविद्यालयों के कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने प्रशासन को विरोध प्रदर्शन की सूचना उपलब्ध करा दी गई है।



# नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ से रौनक बनी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

वीकेंड से पहले ही नैनीताल में शुक्रवार को देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों की भीड़-भाड़ से रौनक बनी रही। संभावना जतायी जा रही है कि शनिवार (आज)वीकेंड पर पर्यटकों की और भीड़-भाड़ बढ़ेगी।

नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार का आनंद लिया। इसके साथ ही उन्होंने केव गार्डन,हिमालय दर्शन, किलबरी,पंगूट, जू, वुडलैंड वाटरफाल समेत हिमालयन बाटनिकल गार्डन के साथ ही समीपवर्ती भीमताल, नौकुचियाताल, गागर, मुक्तेश्वर, सातताल, कैंची समेत अन्य दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की वजह से पर्यटन से जुड़े कारोबारियों को भी राहत मिली है। दूसरी ओर पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों का यह भी कहना है कि अबकी बार प्रयागराज में महाकुंभ होने की वजह से नैनीताल शहर में पर्यटकों की संख्या में कमी आयी है लेकिन वीकेंड के दौरान फिर भी अन्य दिनों की तुलना में पर्यटकों की आमद कुछ अधिक रहने से पर्यटन कारोबार में इजाफा हो जाता है इसलिए उन्हें भी बेसब्री से वीकेंड का ही सप्ताह में इंतजार रहता है।

# गणतंत्र दिवस को पुलिस ने की फुल ड्रेस रिहर्सल कर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

गणतंत्र दिवस पर पुलिस की परेड आकर्षण का केंद्र रहेगी, जिसको लेकर पुलिस ने शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल कर ली है।

एसपी डॉ जगदीश चन्द्र ने परेड में मौजूद टुकड़ियों को जरूरी निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस की मुख्य अतिथि खेल मंत्री रेखा आर्य रहेंगी। बता दें कि शुक्रवार को डीएसए मैदान में पुलिस ने परेड की फाइनल रिहर्सल कर ली है। इस दौरान एसपी डॉ जगदीश चन्द्र ने परेड में शामिल यातायात पुलिस, सशस्त्र सेना पुलिस, पीएससी तथा सिविल पुलिस व पीएससी महिलाएं सिविल महिलाएं तथा फ ायर ब्रिगेड और एनसीसी की टोलियों को जरूरी निर्देश दिए। एसपी चन्द्रा ने बताया कि गणतंत्र दिवस की पूरी तैयारी कर ली गई हैं। गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि महिला एंव बाल विकास, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य रहेंगी वहीं कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, आईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत, डीएम वंदना सिंह व एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा मौजूद रहेंगे।



## NEWS / फटाफट

### पुत्र की मृत्यु की जांच की मांग की

**नैनीताल ।** बीते 19जनवरी (रविवार) को नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग में मृत मिले युवक जितेंद्र कुमार के पिता जगदीश चंद्र ने तहरीर देकर पुत्र की मृत्यु की जांच की मांग की है। तहरीर में मृतक के पिता ने कहा है कि उनका पुत्र 18 जनवरी (शनिवार) को शाम साढ़े चार बजे शादी समारोह में शामिल होने के लिए गेठिया गांव गया था। दूसरे दिन प्रातः उसका शव नैनीताल रोड में नंबर वन बैंड में मिला जबकि घटना स्थल से उनका घर मात्र लगभग एक किमी दूर ही था। उन्होंने आशंका जताई है कि उनके पुत्र को किसी वाहन से लाकर वहां धक्का देकर फेंक दिया गयाए और उसका मोबाईल फोन भी नहीं मिला। इसलिए इसकी जांच की जाए। चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्या ने बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही पूछताछ कर जांच की जाएगी।

### प्रधान डीकर सिंह भी शामिल होंगे सम्मानित अतिथि के रूप



**धारी।** गणतंत्र दिवस समारोह- 2025 में सम्मानित अतिथि के रूप में नैनीताल जिले के विकास खंड ओखलकांडा के ग्राम पंचायत ककोड निवासी प्रधान डीकर सिंह मेवाड़ी भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की अनुशंसा पर प्रसार भारती नई दिल्ली ने डीकर सिंह मेवाड़ी को आमंत्रित किया है। समारोह में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने वाले देश के विभिन्न राज्यों के कुछ चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया गया है इसमें विकासखण्ड ओखलकांडा निवासी डीकर सिंह मेवाडी भी शामिल हैं जिनके द्वारा 6 टीवी मरीजों को गोद लेकर सही किया गया था और ग्राम पंचायत ककोड के ग्राम प्रधान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में इनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की गई थी ज्ञात हो कि इनके द्वारा समय समय पर पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्रों में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी एवं उनका लाभ ग्रामीणों को देने का प्रयास किया जाता हैं साथ ही एनजीओ के माध्यम से भी ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाते है प्रसार भारती से मिले पत्र के बाद परिवार सहित क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर हैं।

### दो आरोपियों की जमानत खारिज

**नैनीताल ।** विशेष न्यायाधीश एन डी पी एस एक्ट/ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की अदालत ने नशे के इंजेक्शन के साथ अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार दो आरोपियों की जमानत खारिज कर दी है । पहले मामले के अनुसार 1 जनवरी की रात्रि बनभूलपुरा हल्द्वानी में शाहबाज पुत्र चमन खां निवासी इस्लामनगर गदरपुर को पुलिस ने 19 नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया था । मामले में शाहबाज की ओर से कोर्ट में जमानत अर्जी दायर कर कहा कि उसे झूठा फंसाया है । क्योंकि उसके पास नशे के इंजेक्शन की जो बरामदगी दिखाई गई है वह वाणिज्यिक मात्रा में नहीं है । जिसका विरोध करते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौकदारी पूजा साह ने कोर्ट को बताया कि आरोपी से बरामद इंजकेशन वाणिज्यिक मात्रा के करीब है । इस आधार पर कोर्ट ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी । दूसरे मामले में शमशाद पुत्र सरफराज निवासी बनभूलपुरा हल्द्वानी जो 39 नशे के इंजेक्शन के साथ 12 अक्टूबर 2024 को गिरफ्तार हुआ था,ने जमानत अर्जी दायर कर कहा कि उसे झूठा फंसाया है । वह लंबे समय से जेल में है । जबकि अभियोजन पक्ष की ओर से जमानत का विरोध करते हुए कोर्ट को बताया कि आरोपी के खिलाफ एन डी पी एस एक्ट के 9 अन्य मुकदमे बनभूलपुरा थाने में दर्ज हैं । इस आधार पर कोर्ट ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी है ।

### सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**काशीपुर।** अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार तीन घायल हो गए। ग्राम किलावली निवासी मान सिंह, प्रतापपुर निवासी रितेश, अलीगंज निवासी वासु अलग-अलग सड़क हादसों में घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

# उद्योगों को मिली नए नियमों की जानकारी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय मानक ब्यूरो (ब्लूस) द्वारा उद्योग सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य नवीनतम नीतियों , इंडस्ट्री का स्टैंडर्डाइज़ेशन में योगदान और गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के बारे में जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में जल संकट के सामने आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए जल का स्मार्ट उपयोग करने पर मानक मंथन पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर, जल संसाधन विभाग के निदेशक अंशुमान ने जल के स्मार्ट उपयोग पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय भट्ट, सांसद, ने भारतीय मानकों की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि मानकीकरण न केवल उद्योगों, बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी अहम भूमिका निभाता है। यह हमारे समाज को बेहतर बनाने में मदद करता है और उन्होंने सभी से भारतीय मानकों को अपनाने और उनका पालन करने का आह्वान किया।

बीआईएस देहरादून के निदेशक एवं प्रमुख सौरभ तिवारी ने बीआईएस द्वारा उपभोक्ताओं और उद्योगों को भारतीय मानकों के प्रति जागरूक करने के लिए किए जा रहे नए प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि बीआईएस उद्योग को सहायता प्रदान करने और भारतीय उद्योग को सशक्त बनाने के लिए एक हाथ में हाथ डालकर कार्य कर रहा है।

इस कार्यक्रम में हल्द्वानी, सितारगंज, रुद्रपुर और काशीपुर के उद्योग क्लस्टरों से 120 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बीआईएस द्वारा उपभोक्ताओं और उद्योगों के बीच मानकीकरण के महत्व को बढ़ावा देने और भारतीय मानकों को अपनाने के लिए एक बड़ा कदम है।

# बी.ड़ी. पांडे अस्पताल को दस नई बैंचों का वितरण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत शुक्रवार को जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल को दस नई बैंचों का वितरण किया है। यह पहल बैंक ने जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए सुविधाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से की है।

एसबीआई के अधिकारियों के मुताबिक यह बैंचें अस्पताल के विभिन्न वार्डों और ओपीडी क्षेत्र में रखी जाएंगी ताकि लोगों को आराम देने में मदद मिल सके। इन बैंचों की खरीदी और वितरण के लिए आवश्यक बजट दिल्ली से पास किया गया था जो बैंक की सीएसआर फंड से जारी किया गया था। एसबीआई के चीफ मैनेजर प्रवीण अरोड़ा ने बताया कि बैंक का उद्देश्य न केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है बल्कि समाज में योगदान देने के लिए ऐसे कदम उठाना भी है जो



स्थानीय समुदाय की भलाई में सहायक हों। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर बेहतर सुविधाएं प्रदान कर लोगों को राहत दी जा सके।

दूसरी ओर जिला अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डा. महिमन सिंह दुगताल ने इस पहल के लिए एसबीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई बैंचों से मरीजों और उनके परिवार वालों को राहत मिलेगी और अस्पताल में आने.जाने वालों के लिए बैठने की व्यवस्था बेहतर होगी। इस दौरान डा. नरेंद्र रावत, आईके जोशी, शशिकला पांडे, प्रक्षा तिवारी, अभिषेक अधिकारी तथा महिमा जोशी आदि लोग मौजूद रहे। भारतीय स्टैंट बैंक प्रबंधन ने बीते दिनों अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वह करते हुए नैनीताल चिड़ियाघर प्रबंधन को दस लाख रुपए का चैक भेंट किया था। इसके तहत उन्होंने चिड़ियाघर के दो टाईगर व दो लैपर्ड को एक वर्ष के लिए अंगीकृत किया था।

पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित

संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल

प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल

दूरभाष : 05946-224556

फैक्स:05946-283801

e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com

www.dainikuttaranchaldeep.com

आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558

समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।

संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# अभिमत

## बड़ा निर्णय

*महानगरों से लेकर छोटे शहरों में स्पोर्ट्स स्टेडियम हैं। स्कूल से लेकर कालेज व विश्वविद्यालयों में खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षक तैनात हैं। खेल से जुड़े व्यक्ति अपना नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर मीडिया को बताते हैं कि कुछ महिला खिलाड़ी टीम में चयन और भविष्य की चिंता में कोच की ज्यादती बर्दाश्त करती हैं। हालांकि ऐसे मामले अपवाद हैं। टीम में चयन नहीं होने पर महिला खिलाड़ी न्याय की गुहार लगाती हैं तब मामला सार्वजनिक होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती खिलाड़ियों ने दिल्ली में अनशन तक किया था।*

खेल जगत में अपराध के मामले यदाकदा ही सामने आते हैं। दुष्कर्म जैसा अपराध खेल से जुड़े हर व्यक्ति के लिए शर्मनाक है। खेल मैत्री का प्रतीक होने के साथ जीवन में उन्नति के लिए सहभागिता की प्रेरणा देते हैं। मैदान में किसी खिलाड़ी के चोटिल हो जाने पर सभी खिलाड़ी परिवार के सदस्य की तरह सहानुभूति से उसकी पीड़ा को महसूस कर उपचार का प्रयास करते हैं। पिछले दिनों नाबालिक खिलाड़ी के साथ दुष्कर्म से पूरे देश को सोचने पर विवश कर दिया। उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हो रहा है। सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। राष्ट्रीय खेल के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविरों के साथ ही खेल विभाग के स्थानीय शिविरों में महिला टीमों, खिलाड़ियों को महिला कोच ही कोचिंग दे सकेंगी। महिला टीम के होटल में पुरुष कोच को प्रतिबंधित कर दिया गया है। महिला कोच भी पुरुष टीम के साथ नहीं रुकेंगी। खेल विभाग ने महिला टीम और खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर नई गाइडलाइन जारी कर दी है। बालिका, महिला खिलाड़ियों के संचालित शिविर और विशेष प्रशिक्षण शिविरों में महिला प्रशिक्षक ही तैनात की जा सकेंगी। सपोर्टिंग स्टाफ में महिलाएं रहेंगी। खिलाड़ियों को हर दिन कोच को फीडबैक लेना होगा और रिपोर्ट देनी होगी। नेशनल गेम्स के अतिरिक्त भविष्य में यह निर्णय खेल विभाग के प्रशिक्षण शिविरों, स्टेडियम और हॉस्टलों पर भी यही गाइडलाइन लागू होगी। सभी खेलों में महिला टीम के साथ महिला कोच ही रह सकेंगी और कोच के सामने ही खिलाड़ी प्रैक्टिस में शामिल होंगी। महिला खिलाड़ियों के रहने की जगह पर सुरक्षा का विशेष प्रबंध होगा और पुरुषों के प्रवेश पर प्रतिबंध होगा। सपोर्टिंग स्टाफ में महिलाएं होंगी। देशभर में महानगरों से लेकर छोटे शहरों में स्पोर्ट्स स्टेडियम हैं। स्कूल से लेकर कालेज व विश्वविद्यालयों में खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षक तैनात हैं। खेल से जुड़े व्यक्ति अपना नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर मीडिया को बताते हैं कि कुछ महिला खिलाड़ी टीम में चयन और भविष्य की चिंता में कोच की ज्यादती बर्दाश्त करती हैं। हालांकि ऐसे मामले अपवाद हैं। टीम में चयन नहीं होने पर महिला खिलाड़ी न्याय की गुहार लगाती हैं तब मामला सार्वजनिक होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती खिलाड़ियों ने दिल्ली में अनशन तक किया था। मामला सत्तारूढ़ दल के सांसद से संबंधित होने के कारण राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रहा। उत्तराखंड सरकार की गाइडलाइन पूरे देश में लागू होनी चाहिए।

# यूसीसी के वेबपोर्टल की हुई दूसरी मॉक ड्रिल

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

अधिकारियों ने कहा कि दो मॉकड्रिल के बाद उत्तराखंड यूसीसी को शीघ्र लागू करने की तैयारी में है, हालांकि प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा।

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के वेबपोर्टल पर शुक्रवार को प्रदेशभर में जन सेवा केंद्रों पर अभ्यास (मॉकड्रिल) किया गया। वेबपोर्टल पर राज्य में दूसरी बार मॉकड्रिल हुई, जिसमें कुछ जगहों से लॉगइन संबंधी रुकावट रिपोर्ट हुई। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि दोनों मॉकड्रिल में जो भी तकनीकी बाधा आई, उन्हें समय रहते दूर कर लिया गया। इस संबंध में समय-समय पर सॉफ्टवेयर अपडेट करने होते हैं, जो एक सतत प्रक्रिया है। अधिकारियों ने कहा कि दो मॉकड्रिल के बाद उत्तराखंड यूसीसी को शीघ्र लागू करने की तैयारी में है, हालांकि प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। शुक्रवार को मॉक ड्रिल के चलते जन



सेवा केंद्रों के जरिये 2464 डमी आवेदन पंजीकृत हुए, इनमें 847 दाखिल किए गए। कुल 540 स्वीकृत हुए, 125 रद्द किए गए, 182 आवेदन लंबित रहे। इस बार भी जन सेवा केंद्रों के माध्यम से डमी आवेदनों पर कार्यवाही की समय-सीमा परखी गई। वहीं, प्रशिक्षण से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि दूसरा अभ्यास भी सफल रहा है।

इससे पहले निबंधक और उप निबंधक स्तर पर अभ्यास कार्यक्रम के चलते आधार से ओटीपी न आने की समस्या हुई थी, जिससे संबंधित सॉफ्टवेयर को अपडेट करके दुरुस्त कर लिया गया। पिछली बार केवाईसी के सेक्शन में बड़ी वीडियो अपलोड नहीं हो पा रही थी, इस समस्या को भी दूर कर लिया गया है।

शैलेश बगोली, गृह सचिव ने बताया कि यूसीसी पोर्टल की दूसरी मॉक ड्रिल भी सफल रही है। अभ्यास आगे भी कराया जा सकता है। यूसीसी लागू होने के बाद भी समय समय पर आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे।

## राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभागिता का अवसर देने की मांग

**नैनीताल** । राज्य के सरकारी विद्यालयों के गुरुजनों एवं बच्चों को भी मिले राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभागिता का अवसर देने की मांग उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने की है।

संगठन ने राज्य में हो रहे राष्ट्रीय खेलों को प्रदेश के लिए ऐतिहासिक एवं गौरव का पल बताते हुए आयोजन स्थलों के निकटवर्ती राजकीय विद्यालय के गुरुजनों एवं बच्चों को भी नजदीक से इन खेलों एवं खिलाडियों से रूबरू कराने की मांग की है। संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि इस बार राष्टीय खेलों का आयोजन देवभूमि उत्तराखंड में होने जा रहा है जो इस प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। तिवारी के मुताबिक यदि राज्य के बच्चों को इन खेलों और खिलाडियों को नजदीक से देखने और समझने का अवसर दिया जाए तो यह आने वाले समय में प्रदेश के बच्चों के भविष्य के लिए अत्यंत लाभदायक होगा क्योंकि इससे जहां एक और बच्चों को इन खेलों की तकनीक को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा वहीं वह इन खिलाडियों को देखकर उत्साहित होंगे और इसका मनोवैज्ञानिक लाभ आने वाले समय में उत्तराखंड की खेल विभूतियों के रूप में होगा। तिवारी ने कहा कि उन्होंने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रदेश के गुरुजनों एवं छात्रों को अवसर दिए जाने हेतु अनुरोध करते हुए समग्र शिक्षा अभियान, मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना अथवा अन्य किसी निधि से बजट भी उपलब्ध कराने की मांग भी की है।

## नगर निगम ने 93 हजार 465 टन कूड़े का किया निस्तारण

**काशीपुर।** नगर निगम प्रशासन ने लगभग 12 वर्ष से बने कूड़े के पहाड़ का लगभग तीन करोड़ रुपये खर्च करके 93 हजार 465 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण कर दिया। इससे आसपास के ग्रामीणों व खेत मालिकों ने राहत की सांस ली है। कचनालगाजी में नगर निगम का ट्रंचिंग ग्राउंड है।

यहां पर नगर का कूड़ा निस्तारित किया जाता है। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि वर्ष 2013 में एक व्यक्ति ने पीआईएल डाली थी कि नेशनल हाईवे से सटी ढेला नदी के किनारे नगर निगम प्रशासन शहर से निकलने वाले कूड़े को डंप करता है। इससे उठने वाली दुर्गंध से लोगों को परेशानी हो रही है। इसके बाद निगम ने वर्ष 2015 में कूड़े को कचनालगाजी स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में एकत्र कराना शुरू किया।

# नियमितीकरण नियमावली 202वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन गुरुवार को 202वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुररानी के नेतृत्व में जहां पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने पौधों का रोपण किया।

पौधारोपण आंदोलन के तहत पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में सहारनपुर निवासी शिव कुमार के पुत्र अभिषेक व कनालीछीना निवासी त्रिलोक सिंह व कमला देवी की पुत्री मनीषा ने परिणय सूत्र में बंधने के बाद एक पौधा धरती मां के नाम के




तहत परिणय पौध लगाकर आंदोलन को समर्थन दिया।

नव दंपति ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ रजिस्टर भी भरा। नव दंपति ने यह भी कहा कि वह अब अपनी हर सालगिरह पर एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधा लगाएंगे। विवाह समारोह में उपस्थित लोगों ने पौधारोपण कार्यक्रम की सराहना की। पौधारोपण कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, वेद प्रकाश, हंसी बिष्ट, दीपक, नरेंद्र थापा, सौरव खोलिया, महेश कुमार तथा शोभा राम सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## एवेंजर्स: एंडगेम निर्देशक के साथ दोबारा जुड़े रणदीप



*बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा हॉलीवुड फिल्म मैचबॉक्स से जुड़ चुके हैं। अभिनेता ने फिल्म में और इसके निर्देशक सैम हार्ग्रेव के साथ दोबारा काम करने पर खुशी जाहिर की है। बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा एक बार फिर हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाले हैं। अभिनेता दोबारा एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलर मैचबॉक्स में निर्देशक सैम हार्ग्रेव के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में जॉन सीना भी हैं। इससे पहले उन्होंने निर्देशक के साथ साल 2020 में नेटफ्लिक्स एक्सट्रैक्शन में काम किया था। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक लाइव-एक्शन फिल्म, जो मैटल की लोकप्रिय मैचबॉक्स टॉय व्हीकल लाइन से प्रेरित है में हॉलीवुड सितारे टेयोना पैरिस, जेसिका बील और सैम रिचर्डसन भी होंगे। मौजूदा समय में फिल्म का प्रोडक्शन बुडापेस्ट में चल रहा है। फिल्म का निर्देशन एवेंजर्स एंडगेम और एक्सट्रैक्शन 2 के निर्देशक हार्ग्रेव कर रहे हैं। यह फिल्म मशहूर मैचबॉक्स कार लाइन पर आधारित है, जिसकी शुरुआत 1953 में हुई थी जब जैक ओडेल ने अपनी बेटी के लिए माचिस की डिब्बी में फिट होने लायक एक खिलौना बनाया था। मैटल ने रिपोर्ट की है कि दुनिया भर में हर सेकंड दो मैचबॉक्स कारें बिकती हैं। वैराइटी के मुताबिक रणदीप हुड्डा ने हार्ग्रेव के साथ फिर से काम करने को लेकर अपना उत्साह जताया है। अभिनेता ने कहा, सैम के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्साहित हूं। 'एक्सट्रैक्शन' में काम करते हुए हमने एक अच्छा समय साथ में बिताया।*

### रणदीप हुड्डा का वर्क फ्रंट

*सैम हाई-ऑक्टेन स्टोरीटेलिंग और एक्शन के मास्टर हैं। बुडापेस्ट में टीम में शामिल होने पर खुशी है। रणदीप हुड्डा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनके पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं। उन्होंने हाल ही में स्वातंर्त्य वीर सावरकर का निर्देशन और अभिनय किया। उनके आगामी कार्यों में सनी देओल अभिनीत और गोपीचंद मलिनेनी द्वारा निर्देशित जाट है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित अर्जुन उस्तरा से भी जुड़े हुए हैं।*

# प्रेमी-प्रेमिका के बीच विवाद, होटल में की तोड़फोड़

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी में प्रेम प्रसंग का अनोखा मामला प्रकाश में आया है। शहर के एक होटल में प्रेमी और प्रेमिका के बीच जबरदस्त विवाद हुआ, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया और कमरे में तोड़फोड़ की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

जानकारी के अनुसार, जयपुर निवासी 40 वर्षीय युवक और अल्मोड़ा की 25 वर्षीय युवती सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे से जुड़े थे और प्यार में थे। दोनों ने हल्द्वानी में मिलकर मिलने का निर्णय लिया और युवक जयपुर से हल्द्वानी पहुंचा, जहां उसने एक होटल में कमरा बुक कराया। सुबह करीब 12 बजे दोनों होटल पहुंचे, लेकिन शाम होते-होते किसी बात को लेकर उनका विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने न सिर्फ एक-दूसरे को मारा-पीटा, बल्कि कमरे में भी तोड़फोड़ कर दी। कमरे में लगा सिंक, खिड़की के शीशे और आईना तोड़ डाला। युवक ने कांच से अपनी प्रेमिका पर हमला कर दिया, जिससे उसके पेट से खून निकलने लगा। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुन होटल कर्मी कमरे के बाहर पहुंचे तो शोर सुन उल्टे पांव लौट गए और होटल प्रबंधन को सूचना दी।

इधर, होटल प्रबंधन की सूचना पर कोतवाल राजेश कुमार यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कमरे में पहुंची तो फर्श पर खून की बूंदे और कांच टूटा पड़ा मिला। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेने के साथ मौके पर पड़े कांच के टुकड़े भी कब्जे में लिए है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है।

## News कॉर्नर

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ऋषिकेश।** रानीपोखरी पुलिस ने एक युवक को नाबालिग को भगाने, दुष्कर्म और जबरन शादी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बीते 6 जनवरी को क्षेत्र के व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस को दी शिकायत में उक्त व्यक्ति ने बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी बिना बताए घर से कहीं चली गई है। पुलिस ने क्षेत्र के करीब 250 से 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही करीब 50 मोबाइलों के लोकेशन भी ट्रेस किए। जांच के आधार पर संदिग्ध युवक अनिल निवासी जहांगीराबाद जिला बुलंदशहर की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली, मेरठ, हरियाणा में दबिश दी। लेकिन युवक हाथ नहीं आया। बीते बृहस्पतिवार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त युवक ठेकेदार से अपने पैसे लेने नाबालिग के साथ रानीपोखरी आ रहा है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवक के साथ नाबालिग भी मिल गई। थाना प्रभारी विकेंद्र चौधरी ने बताया कि अनिल के खिलाफ नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म व जबरन शादी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। नाबालिग का मेडिकल कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### कार खाई में गिरी, तीन घायल

**कोटद्वार।** शुक्रवार तड़के कोटद्वार से सतपुली जाते समय एक कार गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सतपुली थाना पुलिस और एसडीआरएफ ने बचाव अभियान चलाकर तीनों घायलों को खाई से निकालकर सतपुली अस्पताल में भर्ती कराया। सतपुली थानाध्यक्ष दीपक तिवाड़ी ने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब 3:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कोटद्वार से सतपुली की ओर जा रही एक कार गुमखाल-सतपुली राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल नयार घाटी के निकट गहरी खाई में गिर गई है।

# हल्की धूप ने ठंड से दी राहत, 25 को साफ रहेगा आसमान

**मौसम**


- प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं को जश्न मनाने में सहूलियत मिलेगी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा। मैदानी इलाकों में तो अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा।

निकाय चुनाव के दिन मौसम ने खूब साथ दिया। मैदान से लेकर पहाड़ तक मौसम शुष्क रहने से ठंड से राहत मिली तो लोग मतदान के लिए घरों से बाहर निकले। वहीं, मतगणना के दिन भी आसमान साफ रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने बृहस्पतिवार को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई थी। हालांकि, प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा। मैदानी इलाकों में तो अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा।यही वजह रही कि रात



में भी न्यूनतम तापमान अधिक रहने से मौसम सुहाना रहा। देहरादून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री इजाफे के साथ 23.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 9.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, आने वाले दिनों की बात करें तो 27 जनवरी तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इससे पहले 25 जनवरी को मतगणना होनी है। ऐसे में इस दिन भी प्रदेशभर में आसमान साफ रहने से प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं को जश्न मनाने में सहूलियत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि विंटर बारिश कम होने और मौसम के बदले पैटर्न के चलते इस तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर की जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन




हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों को केंद्रित करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य 38 वें राष्ट्रीय खेलों से संबंधित युवा वर्ग और समाज में राष्ट्रीय खेलों के महत्व और उत्तराखंड के खेलों में योगदान की जानकारी देश के कोने कोने सहित विदेशों में भी प्रचारित करना है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने कहा यह प्रतियोगिता न केवल राष्ट्रीय खेलों के प्रति लोगों में रुचि उत्पन्न करेगी, बल्कि उत्तराखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का भी अवसर प्रदान करेगी। प्रतियोगिता के आयोजक तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रितुराज पंत ने कहा कि इस ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय खेलों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना साथ ही उत्तराखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक योगदान को देश विदेश में रेखांकित करने का एक अहम प्रयास है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवियों का चयन भी 38वें राष्ट्रीय खेलों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए हुआ है। जो अपने आप में एक गर्व का विषय है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीता पंत ने सभी से इस जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को सफल बनाने का आवाहन किया।

# छोलिया नृत्य के साथ खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में होने वाले 38 वे राष्ट्रीय खेलों के लिए खिलाड़ियों का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। हल्द्वानी के रेलवे स्टेशन पहुंचे ट्रायथलॉन के 58 खिलाड़ी व कोच सहित टेक्निकल स्टाफ का छोलिया नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान पारंपरिक स्वागत देख खिलाड़ी काफी उत्सुक नजर आए,पत्रकारों से बात करते हुए ट्रायथलॉन के खिलाड़ियों और कोच ने बताया कि वह गोवा नेशनल गेम्स के बाद अब उत्तराखंड नेशनल गेम्स में हिस्सा लेने आए हैं और उनकी काफी लंबे समय से तैयारी चल रही है ट्रायथलॉन गेम्स में साइकिलिंग रेसिंग और स्विमिंग प्रतियोगिताएं होनी है।



# 339 ग्राम चरस और 84,550 रुपये की नकदी के साथ दुकान स्वामी को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लालकुआं पुलिस ने शास्त्री नगर में स्थित एक टेंट की दुकान पर छापा मारकर 2 किलो 339 ग्राम चरस और 84,550 रुपये की नकदी के साथ 29 वर्षीय दुकान स्वामी को गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई में जब्त की गई चरस की बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपये बताई जा रही है। नैनीताल के एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को लालकुआं क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति, मनोज सिंह बिष्ट, शास्त्री नगर में अपनी टेंट की दुकान पर चरस बेच रहा है।

सूचना मिलते ही बिंदुखत्ता पुलिस चौकी के प्रभारी सोमेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ शास्त्री नगर नम्बर 2 स्थित मनोज की दुकान पर पहुंचे। पुलिस को देखकर मनोज भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। उसकी दुकान और काउंटर की तलाशी लेने पर वहां दो पन्नियों में 2.339 किग्रा चरस बरामद हुई। इसके अलावा, पुलिस ने 84,550 रुपये नकद और 2 इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद किए।

पूछताछ में मनोज ने बताया कि वह चरस को बागेश्वर निवासी एक व्यक्ति, लक्की, से खरीदता था, जो विभिन्न गाड़ियों से उसकी दुकान पर चरस लाकर बेचता था। पुलिस अब लक्की की तलाश में जुटी हुई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। इस सफलता पर एसएसपी ने पुलिस टीम को 2,500 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी सोमेन्द्र सिंह के अलावा कांस्टेबल दयाल नाथ, विरेन्द्र रौतेला, दिलीप कुमार और रामचन्द्र प्रजापति शामिल थे।



### पार्षद प्रत्याशी पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप

**ऋषिकेश।** बैराज वार्ड से एक पार्षद प्रत्याशी और उसके समर्थकों पर बीएलओ ने जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। इस संबंध में पुलिस को भी तहरीर दी गई है। वहीं बीएलओ संगठन ने एसडीएम से भी इस संबंध में शिकायत की है।बीएलओ कौशला बिष्ट ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बृहस्पतिवार को उनकी ड्यूटी वार्ड नंबर 27 के सहायक अभियंता परियोजना खंड कार्यालय मतदान केंद्र पर थी।

# भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों ने हल्द्वानी के विकास की बात रखी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर निगम मतदान के बाद जहां जन जीवन सामान्य हुआ वहीं प्रत्याशीयों ने भी अब राहत की सांस ली है और आज के दिन सामान्य दिनचर्या में लौटे।

हार जीत का जो भी परिणाम हों भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने हल्द्वानी के विकास की बात कही। भारतीय जनता पार्टी के मेयर प्रत्याशी गजराज बिष्ट ने सुरक्षित हल्द्वानी को प्राथमिकता देते हुए रास्ट्र हित में





विकास की बात कहीं। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी की जनता विकसित हल्द्वानी और सुरक्षित हल्द्वानी बनाने के लिए भारी से भारी संख्या में कमल के निशान पर वोट डाला है । उनकी जीत हल्द्वानी की जनता की जीत होगी। कांग्रेस प्रत्याशी ललित जोशी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी ने अपने अधिकार का प्रयोग किया है । ये पल हर नागरिक के लिए गर्व का है, क्योंकि यह हमारे भविष्य के निर्माण का क्षण है। उन्होंने कहाँ कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है और जनता के फैसले ही हमारे शहर, राज्य, और देश को नई दिशा देंगे। मैं सभी साथियों, समर्थकों और शुभचिंतकों को धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंने इस चुनावी यात्रा में मेरा साथ दिया।

# वोटर लिस्ट से नाम गायब कर चुनाव में धांधली का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी एडवोकेट ज्योति भट्ट ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुये कहा कि वार्ड 43, छडायल में अधिकांश वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से नाम गायब कर दिये गये कई ऐसे वोटर थे, जो वर्षों से वहां निवास कर रहे हैं, जिन्होंने पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में वोट डाला था, लेकिन निकाय चुनाव वाली वोटर लिस्ट में उन अधिकांश परिवारों का नाम लिस्ट से गायब था, ऐसे बहुत से लोग आज अपना वोट डालने मतदान केंद्र में पहुंचे तो उन्हें निराश होकर घर वापस लौटना पड़ा, वासुदेव पुरम, जय देवता कालौनी , छडेलनायक,छडेल सुयाल,सत्या बिहार



सैनिक कालौनी व अन्य जगहों के पूरे के पूरे नाम पूरी कालोनी के गायब कर दिये गये अगर यह सभी नाम वोटर लिस्ट में होते तो, मतदान का प्रतिशत स्तर बहुत अच्छा होता, राज्य निर्वाचन आयोग को भी अपने संज्ञान में लेना होगा, लोग अपने मताधिकार से वंचित हुए बूथों में व्यवस्था बहुत ग़लत रही इसका जिम्मेदार कौन है पूर्ण रूप प्रशासन जिम्मेदार है कम से कम वार्ड 43छडायल 2500 से ज्यादा मतदाता ग़ायब किया गया जो जो बिल्कुल निन्दनीय है ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को नकेल कसने की जरूरत है प्रशासन क्यूं मूक बना रहा क्या कारण रहा जो ऐप में नाम आ रहे थे उन्हें अन्दर वोट नहीं डालने दिया गया यह साजिश किसकी रही जनता को भी इसका विरोध करना चाहिए ।

अगर प्रशासन ऐसे ही मूकदर्शक बना रहा तो कहीं जनता से मिलकर हमें आंदोलन के लिए बाध्य ना होना पड़े। क्या यह सब जो सरकारी तंत्र फेल हुआ है, मीडिया भी इन्हें ढंग से कवर करने नहीं पहुंच पाया,इसकी जिम्मेदारी लेने आगे कौन आयेगा कोई जिम्मेदारी लेंगे अधिकारी या फिर आयी गई बातें होंगी या प्रशासनिक मिलीभगत समझी जायेगी की किसी विशेष प्रत्याशियों पर सरकारी तंत्र की चाल रही। शिकायत की गई कमिश्नर , डीएम ने फोन नहीं उठाया, एसडीएम,सीटी मजिस्ट्रेट, चुनाव अधिकारी, आदि लेकिन संज्ञान नहीं लिया गया पुलिस द्धारा महिला प्रत्याशी को डाट कर बाहर निकालना , महिला प्रत्याशी के मुख्य एजेंट को बाहर करना धक्का मारना गाली देना कहां का न्याय है सोचने का विषय है कहीं ना कहीं सब जबरदस्त खिचड़ी पक रही है सभी सवधान होने की जरूरत है यह महिला शक्ति का अपमान है। आगे भविष्य में हम उत्तराखंड को हमरा सरकारी तंत्र कहा ले जा रहा है यह भी सभी को सोचना पड़ेगा ।